भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 590**

जिसका उत्तर 06.02.2025 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्गों पर पैदल यात्री सुविधाएं**

590. श्री ई. टी. मोहम्मद बशीर:

राष्ट्रीय राजमार्गों पर पैदल यात्री सुविधाएं

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्गों पर, विशेष रूप से केरल के घनी आबादी वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में, सुरक्षित और सुविधाजनक पैदल यात्री क्रॉसिंग सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय किए जा रहे हैं और यदि हां, तो

तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अपर्याप्त या एकसमान क्रॉसिंग सुविधाओं से उत्पन्न चुनौतियों का किस प्रकार समाधान कर रही है, जहां आवश्यकताएं शहरी क्षेत्रों से काफी भिन्न हैं; और

(ग) क्या शहरी और ग्रामीण दोनों आबादी की विशिष्ट आवश्यकताओं को कुशलतापूर्वक पूरा करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर क्रॉसिंग अवसंरचना को मानकीकृत या अनुकूलित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) जी हाँ, पैदल यात्री अंडरपास, फुटपाथ, फुट-ओवर ब्रिज, पैदल यात्री क्रॉसिंग के निर्माण जैसे उपाय भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) विनिर्देशों और सड़क और पुल कार्यों के लिए सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार विस्तृत सर्वेक्षण और साइट आवश्यकताओं के आधार पर उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके अतिरिक्त, पैदल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सड़क की श्रेणी और यातायात की मात्रा के आधार पर, गति प्रबंधन के लिए, आडे बार चिह्नों, रंबल स्ट्रिप्स, उठाए गए पैदल यात्री क्रॉसिंग, गति टेबल आदि जैसे यातायात सुचारू करने के लिए विभिन्न उपाय अपनाए जाते हैं। साथ ही, पैदल यात्रियों और अन्य कमजोर सड़क प्रयोक्ता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के डिजाइन, निर्माण और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उद्घाटन से पहले के चरण के साथ-साथ मौजूदा राष्ट्रीय राजमार्गों पर  नियमित सुरक्षा लेखापरीक्षण कराया जाता है।

****